पुलिस कार्यालय में बना आगंतुक कक्ष, फरियादियों को मिलेगी सुविधा

देवरिया। पुलिस कार्यालय परिसर में बुधवार को नवनिर्मित आगंतुक कक्ष का उद्घाटन पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर ने फीता



काटकर किया। कक्ष के बनने से पुलिस कार्यालय आने वाले फरियादियों और आगंतुकों को अपनी समस्या रखने से पहले बैठने और प्रतीक्षा करने के लिए सुविधाजनक स्थान मिलेगा। उद्घाटन के बाद एसपी ने आगंतुक कक्ष का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिया कि कार्यालय आने वाले प्रत्येक फरियादी के साथ शालीनता और संवेदनशीलता से व्यवहार किया जाए। उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनने के साथ संबंधित अधिकारी या शाखा तक पहुंचाने में मदद की जाए। एसपी ने कहा कि जनशिकायतों की निष्पक्ष सुनवाई कर उनका समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। शिकायतों के समाधान में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। जनसुनवाई के दौरान पुलिसकर्मी संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्य करें, ताकि फरियादियों को अपनी बात रखने में

♦ एसपी ने फीता काटकर किया उद्घाटन, परिसर में किया पौधरोपण

किसी तरह की परेशानी न हो। आगंतुक कक्ष के उद्घाटन के बाद एसपी ने पुलिस कार्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और परिसर को हरा-भरा रखने का संदेश दिया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी सुनील कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आनंद कुमार पांडेय, क्षेत्राधिकारी कार्यालय सत्येंद्र कुमार राय, प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

कार्यवाहक जिलाधिकारी ने लिखा उप जिलाधिकारी को लिखा पत्र

सलेमपुर (देवरिया)। आदर्श नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष सुधाकर गुप्ता ने जिलाधिकारी से मिलकर बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र बनवाने की मांग की इस पर जिलाधिकारी ने यहां के उप जिला अधिकारी को आवेदन की जांच कर उचित कार्रवाई को लिखा है। सुधाकर गुप्ता का कहना है कि केन्द्र सरकार के एक अजीबो गरीब आदेश से बच्चो के अभिभावक काफी परेशान है और यह आदेश उनके बच्चो का भविष्य खराब कर रहा है। जिन बच्चो का जन्म प्रमाण पत्र नही बना है या बनने मे त्रुटि हो गई है, उनका न तो जन्म प्रमाण पत्र बनाया जा रहा है और न हुई त्रुटि को ही ठीक किया जा रहा है । बच्चो का जन्म प्रमाण पत्र न तो नगर पंचायत कार्यालय, न उप जिलाधिकारी और न किसी कोर्ट से ही बनाया जा रहा है । उन्होंने तत्काल सरकार से आग्रह किया है कि अपने पूर्व के आदेश पर रोक लगाकर बच्चो के भविष्य को देखते हुए जन्म प्रमाण पत्र बनाने हेतु आदेश देने की कृपा करे।

राम के वनवास जाते ही अयोध्या में छाया सन्नाटा, पुत्र वियोग में राजा दशरथ ने त्यागे प्राण

देवरिया। श्री रामलीला समिति देवरिया के तत्वावधान में आयोजित ऐतिहासिक रामलीला महोत्सव के तीसरे दिन बुधवार को प्रभु श्रीराम के वनवास, राजा दशरथ के देहावसान और भावुक भरत-मिलाप के प्रसंग का सजीव मंचन किया गया। मार्मिक दृश्यों को देखकर दर्शक भावविभोर हो उठे और समूचा पंडाल जयकारों से गूंज उठा। लीला की शुरुआत विधि-विधान पूर्वक हनुमान चालीसा के पाठ के साथ हुई। मंचन के दौरान दिखाया गया कि भगवान श्री राम के वनवास जाने की सूचना मिलते ही पूरी अयोध्या नगरी में शोक की लहर दौड़ जाती है। राम के विछोह में व्याकुल महाराज दशरथ पुत्र वियोग में विलाप करने लगते हैं। इस दौरान उन्हें श्रवण कुमार के माता-पिता द्वारा दिया गया वह श्राप स्मरण हो आता है, जिसमें उन्होंने पुत्र वियोग में ही प्राण त्यागने की बात कही थी। अंततः महाराज दशरथ %हे राम! हे राम!% पुकारते हुए अपने प्राण त्याग देते हैं। उधर, पिता की मृत्यु की सूचना पाकर ननिहाल से लौटे भरत व्याकुल होकर अयोध्या पहुंचते हैं। इसके बाद के दृश्य में भरत कुलगुरु

❖ भरत-मिलाप और पादुका सौंपने के मार्मिक प्रसंग का जीवंत मंचन, भावुक हुए श्रद्धालु

वशिष्ठ के साथ प्रभु श्री राम को मनाने चित्रकूट पहुंचते हैं। चित्रकूट में पिता के निधन का समाचार पाकर प्रभु राम अत्यंत दुखी होते हैं और विधि-विधान से पितृ कर्म संपन्न करते हैं। भरत द्वारा अयोध्या लौटने के विशेष आग्रह पर भगवान राम उन्हें समझा-बुझाकर अपनी चरण पादुका सौंपते हैं और जनकल्याण के लिए राजपाट संभालने का आदेश देते हैं। भरत जी अश्रुपूरित नेत्रों से प्रभु की चरण पादुका को सिर पर धारण कर विदा लेते हैं। लीला के अंत में प्रभु श्री राम की भव्य आरती उतारी गई और प्रसाद वितरण के साथ तीसरे दिन के मंचन का समापन हुआ। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष अरुण कुमार बरनवाल, मंत्री निखिल कुमार सोनी, कोषाध्यक्ष कमलेश मित्तल, सुभाष मद्धेशिया, श्याम मनोहर जायसवाल, डॉ. सौरभ श्रीवास्तव, राजेंद्र जायसवाल, राजकुमार सोनी, हीरालाल वर्मा, बालेंदु मणि त्रिपाठी, दयाशंकर सिंह, उमाशंकर मद्धेशिया, कपिल सोनी, कृष्ण मोहन गुप्ता, देवेंद्र गुप्ता और रितेश शांडिल्य सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

संत विज्ञानदेव जी महाराज के जन्मोत्सव पर रक्तदान शिविर में 11 यूनिट रक्तदान

देवरिया। विहंगम योग संत समाज की ओर से बुधवार को संत विज्ञानदेव जी महाराज के जन्मोत्सव के अवसर पर महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज के रक्तकोष केंद्र में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 11 लोगों ने रक्तदान कर जरूरतमंदों की मदद का संकल्प लिया। मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डा. रजनी पटेल और सीएमएस डॉ. एचके मिश्रा ने सुबह 11 बजे फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया। इसके बाद रक्तदान का सिलसिला शुरू हुआ, जो दोपहर 2:30 बजे तक चला। शिविर में पीएन शुक्ला, शंभू प्रसाद, आलोक कुमार मिश्रा, सूरज, सत्येंद्र विश्वकर्मा, राजन कुमार, तुषार यादव, राजेश गिरि, आदर्शदेव, देवजी कुशवाहा और अंकित वर्नवाल ने रक्तदान किया। विहंगम योग संत समाज के जिला संयोजक ने बताया कि संत विज्ञानदेव जी महाराज के जन्मोत्सव के अवसर पर प्रत्येक वर्ष 28 अक्टूबर को समाज के गुरु भाई-बहन रक्तदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। उन्होंने कहा कि रक्तदान से किसी जरूरतमंद की जान बचाने में मदद मिलती है।शिविर को सफल बनाने में रामचंद्र कुशवाहा, नथुनी गुप्ता, रामनरायन यादव, रामप्यारे निषाद सहित अन्य लोगों ने सहयोग किया।

बराव से देवरिया के लिए नि:शुल्क बस सेवा शुरू

देवरिया। जिले के बरहज विधानसभा क्षेत्र से भाजपा की दावेदारी कर रहे समाजसेवी संजय तिवारी की ओर से निशुल्क बस सेवा की शुरुआत की गई। बुधवार को बराव चौराहे से बस को हरी झंडी दिखाकर देवरिया के लिए रवाना किया गया। आयोजकों के अनुसार, बस बराव-महेन से देवरिया तक चलेगी। इस दौरान संजय तिवारी ने बताया कि क्षेत्र के लोगों की सुविधा के लिए इससे पहले दो स्थानों से निशुल्क बस सेवा शुरू की जा चुकी है। अब बराव से तीसरी बस सेवा शुरू की गई है। उनका कहना है कि लोगों को आवागमन में सुविधा देने के उद्देश्य से शुरू की गई यह सेवा आगे भी जारी रहेगी।इसके अलावा बरहज विधानसभा क्षेत्र में उनकी ओर से तीन निशुल्क स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किए जा चुके हैं। शिविरों में विशेषज्ञ और जरूरत के अनुसार दवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। आयोजकों के मुताबिक, बड़ी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य शिविरों का लाभ उठाया।निशुल्क बस सेवा और स्वास्थ्य शिविरों को लेकर समर्थकों का कहना है कि इससे क्षेत्र के लोगों को सीधा लाभ मिल रहा है। वहीं, आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए क्षेत्र में संजय तिवारी की राजनीतिक सक्रियता भी बढ़ी है। संजय तिवारी ने कहा कि बरहज क्षेत्र के लोगों की सुविधा के लिए निशुल्क बस सेवा शुरू करने का जो संकल्प लिया है, उसे आगे भी जारी रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि लोगों की सेवा के लिए तीन स्थानों से बस सेवा शुरू की जा चुकी है। इस दौरान कामेश्वर पांडेय, शिवम् नायक सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।



❖ समाजसेवी संजय तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर बस को किया रवाना

चिकित्सकों ने लोगों की जांच कर परामर्श दिया

3 महीने से विवादित जमीन को नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशियों सभासदों ने सुलझाया

भाटपार रानी देवरिया। स्थानीय नगर के हनुमानगढी वार्ड नंबर 2 में वाजिद अंसारी गफ्फार अंसारी तथा



जुलेखा खातून पत्नी नूरआलम , बहु यूनिश अंसारी के बीच विगत 3 महीना से जमीनी विवाद चल रहा था जो भाटपार रानी थाना से लेकर तहसील तक यह मामला सुलझाने के लिए गया , पंचायत किया गया पंचायत नामा बना लेकिन यह मामला सुलझने का नाम नहीं ले रहा था , आखिरकार बुधवार की सुबह एक पंचायत बैठाई गई जिसकी अध्यक्षता पूर्व नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि रविंद्र कुशवाहा तथा नगर अध्यक्ष प्रत्याशी राजेश यादव ने किया साथ में सभासद सलीम अंसारी तथा वार्ड नंबर 2 के पूर्व सभासद प्रतिनिधि शहाबुद्दीन अंसारी रहे । तथा गांव के अनेकों संभ्रांत लोग रिश्तेदार पंचायत में बैठकर इस मामला को सुलझाया और हमेशा के लिए विवाद को समाप्त किया गया । उक्त अवसर पर वहिद अंसारी नूर हसन अंसारी आदि गांव के अनेकों लोग भी उपस्थित थे ।

टेंपो के गुप्त बॉक्स में छिपाकर ले जा रहे थे 72 लीटर शराब, पुलिस ने किया गिरफ्तार

देवरिया। बनकटा पुलिस ने बुधवार को अवैध शराब की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक टेंपो से 72 लीटर देशी शराब बरामद की। शराब टेंपो के नीचे बनाए गए गुप्त बॉक्स में छिपाकर बिहार ले जाई जा रही थी। पुलिस ने टेंपो चालक को गिरफ्तार कर वाहन को कब्जे में ले लिया। पुलिस के अनुसार, संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक टेंपो में शराब छिपाकर बिहार ले जाई जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने इंगुरी सराय स्थित रेलवे अंडरपास के पास टेंपो संख्या यूक्क28क्क2934 को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान टेंपो के नीचे बनाए गए बॉक्स से 360 पाउच बंटी-बबली देशी शराब बरामद हुई। प्रत्येक पाउच 200 मिली का था। पुलिस ने मौके से टेंपो चालक मुन्ना हवारी (36) निवासी ग्राम छाप, थाना मीरगंज, जिला गोपालगंज, बिहार को गिरफ्तार किया। बरामद शराब की कुल मात्रा 72 लीटर बताई गई है। आरोपी के खिलाफ बनकटा थाने में आबकारी अधिनियम की धारा 60 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। कार्रवाई थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मौर्य, उपनिरीक्षक धर्मेंद्र कुमार और कांस्टेबल अखंड प्रताप सिंह की टीम ने की।



सरदार पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाएगी भाजपा

देवरिया। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाने की तैयारियों को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष काली प्रसाद ने पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष अर्जुन राजभर रहे बैठक में काली प्रसाद ने सरदार पटेल के योगदान को याद करते हुए कार्यकर्ताओं से जयंती को उत्साहपूर्वक मनाने और उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। अर्जुन राजभर ने राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और राष्ट्रहित के प्रति समर्पण का संदेश दिया। इस दौरान पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष रणविजय सिंह सैंथवार, कृष्णनाथ राय, जितेंद्र सिंह, अमित मोदनवाल, गोविंद चौरसिया, विपिन यादव, विजय पटेल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

चिकित्सा प्रतिपूर्ति के लंबित मामलों पर भड़के पेंशनर्स, जताई नाराजगी

देवरिया। चिकित्सा प्रतिपूर्ति के लंबित मामलों को लेकर उत्तर प्रदेश पेंशनर्स कल्याण संस्था के पदाधिकारियों ने नाराजगी जताई। बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित संस्था भवन में हुई बैठक में पेंशनरों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी और संबंधित विभागीय अधिकारियों पर शासनादेश की अवहेलना करने का आरोप लगाया। वक्ताओं ने कहा कि लंबित चिकित्सा प्रतिपूर्ति प्रकरणों का निस्तारण नहीं होने से गंभीर बीमार पेंशनरों के सामने इलाज का संकट खड़ा हो रहा है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष श्रीराम त्रिपाठी ने कहा कि शासन स्तर से चिकित्सा प्रतिपूर्ति के देयकों को ऑनलाइन भेजने की व्यवस्था लागू की गई है, लेकिन प्रक्रिया की जटिलताओं के कारण व्यवस्था सुचारू नहीं हो पा रही है। आरोप लगाया कि पूर्व से लंबित ऑफलाइन प्रकरणों को भी संबंधित कार्यालयों में लेने से इनकार किया जा रहा है और आवेदन वापस किए जा रहे हैं। संस्था के मंत्री लालसा यादव ने कहा कि ऑनलाइन प्रक्रिया की जटिलताओं और अधिकारियों की उदासीनता के कारण बुजुर्ग पेंशनरों को कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। समय से देयकों का निस्तारण नहीं होने से पेंशनरों में आक्रोश है। पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि चिकित्सा प्रतिपूर्ति के लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण नहीं किया गया तो संगठन बड़े स्तर पर आंदोलन करेगा। बैठक में संस्था के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में पेंशनर्स मौजूद रहे।



89 वाहनों का चालान, दो सीज

देवरिया। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने और सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए यातायात पुलिस ने बुधवार को शहर में विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 89 वाहनों का चालान किया गया, जबकि दो वाहनों को सीज कर दिया गया। यातायात पुलिस ने बस स्टैंड, कचहरी चौराहा और कसया ढाला पर सड़क पर वाहन खड़ा कर सवारी बैठाने वाले बस, ऑटो और ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ कार्रवाई की। यातायात बाधित करने वाले वाहनों का चालान करने के साथ कुछ वाहनों को सीज भी किया गया। अभियान में बिना हेलमेट और दोपहिया वाहन भटवलिया चौराहे पर चलाए गए चेकिंग पर तीन सवारी बैठाकर चलने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। बिना ड्राइविंग लाइसेंस वाहन चलाने और वैध फिटनेस प्रमाणपत्र के बिना संचालित ऑटो व ई-रिक्शा भी सीज किए गए। गोरखपुर रोड पर इंटरसेप्टर वाहन की मदद से निर्धारित गति सीमा से अधिक रफ्तार में चलने वाले वाहनों की जांच की गई और तेज गति वाले वाहनों के चालान किए गए। इसके अलावा यातायात पुलिस ने यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। विद्यार्थियों को हेलमेट पहनने, यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित तरीके से आवागमन करने की जानकारी दी गई।



भुगतान नहीं हुआ तो धान मिलों का संचालन मुश्किल

देवरिया। मिल वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक में पीसीएफ, पीसीए और मंडी के माध्यम से मिलों को किए जाने वाले विभिन्न मदों के लंबित भुगतान का मुद्दा उठाया गया। मिल संचालकों ने कहा कि भुगतान नहीं होने से मिलों में चल रहा मरम्मत कार्य प्रभावित हो रहा है। यदि जल्द भुगतान नहीं हुआ तो वर्तमान धान खरीद सत्र 2026-27 में मिलों का संचालन मुश्किल हो सकता है। बैठक में मिल संचालकों ने कहा कि मिलों में मरम्मत का कार्य चल रहा है। ऐसे में बकाया राशि का भुगतान नहीं होने से आर्थिक परेशानी बढ़ रही है। उन्होंने संबंधित विभागों से लंबित देयकों का शीघ्र भुगतान कराने की मांग की। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने वर्तमान क्रय नीति 2026-27 में मिलरों को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि समाप्त किए जाने पर भी नाराजगी जताई। उनका कहना था कि इससे

❖ मिल वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक में उठी समस्याएं, प्रोत्साहन राशि बंद किए जाने पर भी जताई नाराजगी

प्रत्येक मिलर को लाखों रुपये का नुकसान उठाना पड़ेगा। मिल संचालकों ने बताया कि कुटाई के मद में लंबे समय से मिलने वाली राशि में भी वर्षों से कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। मिलरों ने कहा कि अन्य राज्यों की तुलना में यहां कुटाई और प्रोत्साहन राशि काफी कम है। इसके बावजूद प्रोत्साहन राशि समाप्त किए जाने से मिल उद्योग पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि लंबित देयकों का भुगतान और प्रोत्साहन राशि की व्यवस्था नहीं की गई तो जनपद के मिलर सरकारी धान की कुटाई के कार्य से दूरी बनाने पर विचार कर सकते हैं।बैठक में जिलाध्यक्ष नागेंद्र मल्ल, रमेश गुप्ता, वीरेंद्र सिंह, धर्मेंद्र गुप्ता, अनीमेश जायसवाल, विवेक कुमार राय, रोहित गुप्ता, सौरभ गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, सत्येंद्र गुप्ता, गंगा महाभिया और विद्यासागर गुप्ता सहित अन्य मिल संचालक मौजूद रहे।

नवनिर्वाचित शिक्षक एम.एल.सी.ध्रुव त्रिपाठी के जीत पर दी बधाई

पथरदेवा (देवरिया)।शिक्षक एम.एल. सी. चुनाव में भाजपा प्रत्याशी ध्रुव कुमार त्रिपाठी के चुनावी जीत पर भाजपा सांसद, मंत्री ,नेता,क कार्यकर्ताओं ने विजयी प्रत्याशी ध्रुव कुमार त्रिपाठी को बधाई दिया है। बधाई देने वालों में देवरिया के सांसद शंशाक मणि,विधानसभा क्षेत्र पथरदेवा के भाजपा विधायक प्रदेश सरकार के वरिष्ठ कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही,विकास खण्ड पथरदेवा के प्रधानसंघ अध्यक्ष मुरारी मोहन शाही,विकास खण्ड पथरदेवा के ब्लाक प्रमुख सुब्रत शाही,नगर पंचायत पथरदेवा के अध्यक्ष कमलेश उर्फक्रान्ति सिंह,नगर पंचायत तरकुलवा के अध्यक्ष जनार्दन कुशवाहा,नगर पंचायत हेतिमपुर के अध्यक्ष विरेन्द्र कुमार यादव,अवधेश कुमार सिंह,भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य डा.जितेन्द्र प्रताप राव,भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य अम्बुज शाही,भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य विजय बहादुर दूबे,विधानसभा पथरदेवा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी नीरज वर्मा,नवतप्पी इण्टर कालेज राव,नवतप्पी इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य शिवनाथ सिंह,गणेश राव,दिनेश राव,जिला पंचायत सदस्य सुजीत प्रताप सिंह,पूर्व जिला पंचायत सदस्य कृपा शंकर उपाध्याय,पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनोज भारती,शिक्षक नेता अमरेन्द्र यादव,भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य प्रधानाचार्य अजय मणि त्रिपाठी,पूर्व ब्लाक प्रमुख ब्रह्मा यादव,विधायक सुरेन्द्र सिंह कुशवाहा,दी देवरिया जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन पण्डित सुभाष प्रसाद त्रिपाठी,प्राचार्य डा.एस .के.मिश्र, प्रधानाचार्य डा.स्वतंत्र यादव ,प्रधानाचार्य अर्जुन कुमार यादव,प्रधानाचार्य हरेन्द्र सिंह,भाजपा पथरदेवा मण्डल अध्यक्ष जीपू शाही,पूर्व जिला पंचायत सदस्य राणा प्रताप सिंह,जय राम राव,दुष्यन्त राव,भाजपा नेता देवरिया संजय सिंह,भाजपा नेता पथरदेवा संजय सिंह,पूर्व प्रधान प्रवीण सिंह, भाजपा नेता जीवनपति त्रिपाठी, सी. पी.एन. शाही,भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य रामपुरगढ़ के प्रबन्धक विश्वेन्दु प्रताप सिंह,प्रभात सिंह आदि लोगों ने बधाई दिया है।



जर्जर भवन में संचालित हो रहा दुदही डाकघर, सुविधाओं के अभाव में कर्मचारी और उपभोक्ता परेशान

दुदही (कुशीनगर)। नगर पंचायत दुदही के वार्ड नंबर 14 में स्थित डाकघर वर्षों से पुराने और जर्जर भवन में संचालित हो रहा है। पर्याप्त जगह के अभाव में जहां कर्मचारियों को दैनिक कार्यों के निष्पादन में परेशानी हो रही है, वहीं डाकघर में विभिन्न सेवाओं का लाभ लेने पहुंचने वाले उपभोक्ताओं को भी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद अब तक डाकघर को नए भवन में स्थानांतरित करने की दिशा में कोई ठोस पहल सामने नहीं आई है।

डाकघर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग रजिस्ट्री, डाक भेजने, बचत खाते और अन्य जरूरी कार्यों के लिए पहुंचते हैं। लेकिन कार्यालय में जगह की कमी के कारण उपभोक्ताओं को खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है। बैठने की समुचित व्यवस्था नहीं होने से भी लोगों की परेशानी बढ़ जाती है। भीड़ बढ़ने पर कर्मचारियों को भी कामकाज निपटाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। **प्रकाश और हवा की व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं**- डाकघर के पुराने भवन में पर्याप्त प्रकाश और हवा की व्यवस्था नहीं होने से कर्मचारियों तथा उपभोक्ताओं को परेशानी होती है। सीमित जगह और बुनियादी सुविधाओं के अभाव में कार्यालय का वातावरण भी असहज बना रहता है। नियमित जनसेवा से जुड़ी इस संस्था में सुविधाओं की कमी के कारण

❖ दो कर्मचारियों के भरोसे चल रहा कामकाज, नए भवन की मांग के बावजूद नहीं हुई ठोस पहल

लोगों को अनावश्यक परेशानियां उठानी पड़ रही हैं।**दो कर्मचारियों के भरोसे संचालित हो रहा कार्यालय**- कार्यालय की समस्याओं के संबंध में डाकघर के बड़े बाबू मानवेंद्र पाल और छोटे बाबू नवीन जी से बातचीत की गई। दोनों ने बताया कि कार्यालय में कर्मचारियों की संख्या सीमित है। वर्तमान में मात्र दो कर्मचारियों के भरोसे कामकाज संचालित हो रहा है, जबकि उपभोक्ताओं की संख्या अधिक रहती है। ऐसे में सभी कार्यों को समय से निपटाने में कठिनाई होती है और कार्यालय में भीड़ बनी रहती है।

नए भवन की मांग, लेकिन अब तक नहीं हुई ठोस कार्रवाई- नए भवन के संबंध में मानवेंद्र पाल ने बताया कि डाकघर के लिए नए कार्यालय भवन की मांग उच्च अधिकारियों से की जा रही है, लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई सुनिश्चित नहीं हो सकी है।स्थानीय डाकघर में जगह की कमी, जर्जर भवन, प्रकाश और हवा की अपर्याप्त व्यवस्था तथा कर्मचारियों की सीमित संख्या को देखते हुए नए भवन की आवश्यकता महसूस की जा रही है। अब जरूरत है कि संबंधित विभाग के अधिकारी इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए डाकघर को सुविधाजनक भवन में स्थानांतरित करने तथा कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की दिशा में आवश्यक कदम उठाएं, ताकि उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें और डाक सेवाओं का संचालन सुचारु रूप से हो सके।